# 80 किलो डोडा-पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार, 30 लाख की शराब भी पकड़ी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पल्लू थाना पुलिस ने 80 किलो अवैध डोडा पोस्त के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पल्लू थानाप्रभारी एसआई सुशील कुमार ने बताया कि एसपी अरशद अली के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान जीरो टॉलरेंस के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत एक कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सुशील कुमार ने पुलिस टीम सहित पल्लू-सरदारशहर मेगा हाईवे पर नाकाबंदी कर रखी थी। बिसरासर के पास पुलिस ने हरियाणा नंबर कार को आते हुए देखा तो रूकने का इशारा किया।



हनुमानगढ़ जिले के पल्लू थाना पुलिस ने 80 किलो अवैध डोडा पोस्त सहित तस्कर को गिरफ्तार किया।

- पल्लू थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को डीएसटी टीम सेक्टर हनुमानगढ़ के सहयोग से अंजाम दिया

ड्राइवर ने गाड़ी को मोड़ कर भगाने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने घेर कर ड्राइवर को रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से 80 किलो अवैध डोडा पोस्त छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया। पकड़े गए युवक की पुलिस पूछताछ में पहचान देवीलाल उर्फ देवा (41) पुत्र सोहनलाल नाई निवासी आसपालसर तहसील सरदारशहर पीएस भानीपुरा जिला चूरू के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच पीलीबंगा थानाधिकारी अशोक बिश्नोई को सौंपी गई है। पल्लू पुलिस ने इस कार्रवाई को डीएसटी टीम सेक्टर हनुमानगढ़ के सहयोग से अंजाम दिया।

**30 लाख की अवैध शराब पकड़ी :** जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी आबकारी टीम को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। प्रारंभिक सूचना के अनुसार पंजाब की शराब को अवैध रूप से सांचौर ले जाया जा रहा था। आबकारी विभाग ने मौके से ट्रक को जब्त कर लिया है।

जिला आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी ने बताया कि प्रहाराधिकारी विनोद कुमार ने ईपीएफ टीम और स्पेशल टीम सदस्यों के साथ कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर एक ट्रक को रूकवाकर तलाशी ली तो ट्रक के अंदर से 400 पेटी शराब बरामद हुई। आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी ने बताया कि इस कार्रवाई को हनुमानगढ़ संगरिया रोड स्थित नवा से चंदडा के बीच मुख्य सड़क पर अंजाम दिया गया। ट्रक में 400 शराब की पेटियों में कुल 4800 बोतल शराब बरामद की गई है।

खास बात ये रही कि शराब को पशु आहार की आड़ में पंजाब के बठिंडा से भरा गया था। जो राजस्थान के सांचौर में जानी थी। शराब का बाजार में अनुमानित मूल्य 30 लाख रूपए बताया जा रहा है। आबकारी पुलिस ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया और ड्राइवर आसुराम पुत्र भारमल बिश्नोई निवासी मिठड़ा खुर्द पीएस धोरीमन्ना जिला बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं इसका साथी बुधाराम पुत्र बीरबल राम निवासी कलिराना नगर भोजासर जोधपुर मौके से फरार हो गया। आबकारी विभाग ने राजस्थान आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी ने बताया कि कार्रवाई करने वाली टीम में हनुमानगढ़ प्रहराधिकारी विनोद कुमार, जमादार प्यारेलाल, धर्मवीर सिंह, दयाराम, श्रवन सिंह सहित ईपीएफ जाब्ता भी शामिल रहा।

## बीकानेर में युवा जाट सम्मेलन 25 को

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा सूरजमल के 261 वें बलिदान दिवस पर युवा जाट समिट और पांचवीं नेशनल शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता 25 और 26 दिसम्बर को बीकानेर में होगी। जाट समिट में समाज के प्रदेश, देश और विदेश में रहने वाले लोग शामिल होंगे। इस आयोजन में करीब 15 से 20 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह आयोजन जाट लायंस की ओर से किया जा रहा है।

जाट लायंस के प्रदेशाध्यक्ष लक्की चौधरी ने बताया कि 25 दिसम्बर को दोपहर 2 से 4 बजे तक होने वाली जाट समिट में समाज की कुरीतियों को खत्म करने, समाज के युवाओं को नशे से दूर रखने, युवाओं को खेल से जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने के अलावा सर्व समाज के साथ जाट समाज के रिश्तों को सुधारने पर चर्चा की जायेगी। इसके अलावा समाज की नारी शक्ति के मान-सम्मान और उत्थान करने पर भी एकमत निर्णय लिया जायेगा।

यह समिट करीब दो से तीन घंटे तक जयपुर-जोधपुर बाइपास स्थित गंगा रिसोर्ट में किया जायेगा। इस आयोजन को लेकर समाज के लोगों ने राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित देश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा न्यूजीलैंड, अमेरिका, सऊदी अरब, ऑस्ट्रेलिया सहित कई स्थानों पर समाज के लोगों से संपर्क किया है।

## सार-समाचार

### जरूरतमंदों को गर्म कम्बल बांटे



माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर असहाय व जरूरतमंदों को गर्म कम्बल वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत रविवार को माहेश्वरी भवन में व्यवस्थापक ट्रस्टी श्रीकिशन राठी के नेतृत्व में असहाय, जरूरतमंदों को गर्म कम्बल वितरण अभियान शुरू किया गया। अभियान के पहले दिन मुरलीधर व्यास नगर क्षेत्र में झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदों, असहायों को कम्बलों का वितरण शुरू किया गया। माहेश्वरी भवन ट्रस्ट के मंत्री कोलकाता प्रवासी बीकानेर निवासी नरेन्द्र बागड़ी ने बताया कि पिछले चार वर्षों से माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर से नर सेवा नारायण सेवा व सामाजिक सरोकार के तहत कम्बलों का वितरण किया जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से एस.डी. कॉन्वेंट की ओर से संचालित शांति निवास वृद्धाश्रम, पी.बी.एम. अस्पताल के पास के रैन बसेरों, झुग्गी झोंपड़ियों में कंबलों का वितरण किया जायेगा। बागड़ी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से शोभासर की शिव गौरख गौशाला में 15 लाख की लागत से गायों के लिए ठाण व छप्पर का निर्माण करवाया गया तथा सर्दी में गायों को लापसी से सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि माहेश्वरी भवन ट्रस्ट की ओर से धर्मनगर द्वार के अंदर स्थित शिक्षण एवं स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केंद्र में आर.के.सी.एल. व कम्प्यूटर और महिलाओं के लिए सिलाई केन्द्र संचालित किया जा रहा है । प्रतिवर्ष 60 विद्यार्थी कंप्यूटर में आर.के.सी.एल.का कोर्स कर रहे है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत नि:शुल्क एक्यूप्रेशर व प्राकृतिक चिकित्सा सेवाएं दी जा रही है। सेराजेम मशीन द्वारा स्पाइन एक्सरसाइज एवं थेरेपी से इलाज किया जाता है। ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन सामग्री के किट का वितरण किया जाता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए कला एवं उद्योग शिविर का संचालन किया जाता है। इस अवसर पर रामकिशन राठी, एक्यूप्रेशर चिकित्सक हुलास चन्द्र व्यास तथा मनासा पुरोहित आदि उपस्थित थे।

### आरटीओ ऑफिस शिफ्ट की मांग



आरटीओ कार्यालय गैस प्लांट से अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर इंटक ने प्रदर्शन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। गैस बॉटलिंग प्लांट से सटे आरटीओ कार्यालय को जयपुर की तरह अनहोनी होने से बचाने के लिए अन्य जगह किए जाने की मांग को लेकर रविवार को इंटक की ओर से ओल्ड आरटीओ पर रथखाना कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इंटक नेता हेमन्त किराडू के नेतृत्व में इंटक श्रमिकों ने प्रदर्शन कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बीछवाल में आरटीओ ऑफिस की 100 मीटर दूरी पर ही गैस बॉटलिंग प्लांट है। हाल में जयपुर में हुए अग्निकांड को देखते हुए बड़ा हादसा हो सकता है ऐसे में आरटीओ कार्यालय को जयपुर रोड पर सरकारी खाली पडी बिल्डिंगों में शिफ्ट किया जाये। ज्ञापन में विद्यार्थियों व वृद्धजनों के लिए लाइसेंस का कार्य पुन: शुरू किया जाये जो पूर्व राज्य सरकार ने होटल मालिक को पार्किंग बसों के लिए जनहित की अनदेखी करते हुए बीछवाल शिफ्ट कर दिया। प्रदर्शन में समीर खान, जाकिर पडिहार संगठन के ऑटो श्रमिकों ने रोष जताया।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**बीकानेर,** (कासं)। स्व. शशिबाला मित्तल धर्मपत्नी स्व. त्रिलोकीनाथ मित्तल की 28वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में नखत बन्ना मन्दिर परिसर, बच्छासर में स्कूली विद्यार्थियों के साथ सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं हवन (अग्नि पाठ) का आयोजन किया गया तथा छात्रों को प्रसाद तथा स्टेशनरी वितरित की गई। इस अवसर पर श्री हनुमान के चरित्र और हनुमान चालीसा के महत्व के बारे में विद्यार्थियों के बताते हुए शशिबाला मित्तल स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विवेक मित्तल ने कहा कि वर्तमान में हमें जितनी भौतिक सुख-सुविधाओं की आवश्यकता है उससे ज्यादा जरूरी है स्वस्थ तन और स्वस्थ मन की। जैसे जब हमारे शरीर के किसी भाग पर चोट लगती है तो चोट को ठीक करने के लिए दवाई का सहारा लेते हैं। ठीक उसी प्रकार आन्तरिक दुख या पीड़ा को दूर करने के लिए नामजप या प्रभु का सहारा लेना चाहिए। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना और हनुमानजी के नाता जोड़ना इसका सबसे सरल उपाय है। आज हम सभी को विशेषकर छात्रों और युवाओं को हनुमानजी के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। हनुमानजी ने संकट के समय श्रीरामचन्द्र के समस्त कार्य अपने बल और बुद्धि के उपयोग से निर्विघ्न पूरे किए। उसी प्रकार छात्र भी जीवन में आने वाली कठिनाईयों का सामना सूझबूझ और धैर्य के साथ कर सकते हैं। हनुमान चालीसा का नियमित पाठ व हवन हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। वरिष्ठ साधक रमेश जोशी ने कहा कि हनुमान चालीसा के प्रत्येक शब्द में मंत्रात्मक शक्ति है।

## चार दिन में 5 जगह से पेयजल लाइन लीक, सप्लाई बाधित

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भगतसिंह चौक से पायल सिनेमा तक एलएंडटी की ओर से डाली गई 5 इंच पेयजल लाइन बार-बार लीक हो रही है। चार दिन में यह पांच जगह से लीक होने के कारण ब्लॉक एरिया की पानी की सप्लाई भी बाधित होने लगी है।

- पाइपलाइन टूटी होने के कारण दो दिन तक संबंधित एरिया में पानी की सप्लाई नहीं दी गई
- गली नंबर 5 में भी 15 दिन से पाइपलाइन लीक हो रही है।

भगतसिंह चौक के पास पाइपलाइन टूटने से एच ब्लॉक एरिया में पानी की सप्लाई नहीं दी जा सकी। इस रोड पर पाइपलाइन ठीक करने के लिए जगह- जगह गड्ढे खोदकर छोड़ने से वाहन चालक भी परेशान हो रहे हैं। भगतसिंह चौक से लेकर पायल सिनेमा तक ब्लॉक एरिया, मुखर्जी नगर, आदर्श नगर और विनोबा बस्ती सहित आसपास के एरिया को नए सप्लाई सिस्टम से जोड़ने के लिए एलएंडटी की ओर से डेढ़ साल पहले पानी की पाइपलाइन का काम किया गया था।

टिब्बी हॉस्पीटल के पास वाले ओवरहैड टैंक से जुड़ी इस पाइपलाइन से एच ब्लॉक एरिया में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से पेयजल सप्लाई दी जाती है। पाइपलाइन टूटी होने के कारण दो दिन तक संबंधित एरिया में पानी की सप्लाई नहीं दी गई। भगतसिंह चौक के पास गोदारा कॉलेज की तरफ पाइपलाइन लीकेज होने से सड़क धंसने लगी है। सुबह यहां एक ट्रेक्टर-ट्राली भी धंस गई, जिससे पानी का फव्वारा छूट पड़ा। इस पाइपलाइन को दो दिन बाद शाम को ठीक किया जा सका।

इस दौरान एच ब्लॉक, मुखर्जी नगर व विनोबा बस्ती एरिया में दो दिन तक पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। जससे 2000 परिवार परेशान होते रहे। जानकारी के अनुसार पाइपलाइन का काम पूरा होने के बाद गत वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले 82 लाख रुपए की लागत से भगतसिंह चौक से पायल सिनेमा तक कारपेट सड़क का निर्माण किया गया था।

कई वार्डों को जोड़ने वाली यह सड़क भी पाइपलाइन ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढों के कारण जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इधर एसएसबी रोड के पास भी पाइपलाइन लीकेज हो रही है। दुकानदार वेदप्रकाश के अनुसार गली नंबर 5 मैन रोड पर पिछले 15 दिन से पाइपलाइन लीक हो रही है। इस कारण सड़क के पास गहरा गड्ढा हो गया है, जिसमें पानी भरा रहता है। वेदप्रकाश ने बताया कि सूचना के बाद भी जलदाय विभाग से कोई भी लीकेज ठीक करने नहीं आ रहा।

मनीष कुमार बिश्नोई, एईएन आरयूआईडीपी ने कहा कि भगतसिंह चौक के पास पाइपलाइन लीकेज की जानकारी मिलते ही टीम को ठीक करने के लिए भेज दिया था। लीकेज बड़ा होने के कारण समय अधिक लगा। पाइपलाइन ठीक कर दी गई।

## रिजल्ट में गड़बड़ी पर विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर,**(कासं)। रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में प्रर्दशन किया गया।

एबीवीपी के प्रांत सहमंत्री मोहित जाजड़ा ने बताया कि विश्वविद्यालय के यूजी सेकंड सेमेस्टर के परिणाम में की गड़बड़ी सामने आई है। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के परीक्षा निरंतर के नाम ज्ञापन सौंप कर सही कॉपी जांच कर परिणाम में गलतियों के सुधार की मांग की है।

एबीवीपी के महानगर मंत्री मेहुल शर्मा और छात्र नेता राकेश गोदारा ने एमजीएसयू प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की यदि सप्ताभर में विविध प्रशासन ने छात्रों की मांगों का निस्तारण नहीं किया तो आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन में महानगर सहमंत्री भागीरथ गोदारा, राघव सरोलिया, प्रांत कार्य समिति सदस्य पूनम मेड़तिया, एसएफएस प्रांत सह संयोजक खुशबू मारू, जिला संयोजक पुनीत शर्मा, विश्वविद्यालय संयोजक आदित्य व्यास, इकाई अध्यक्ष दिनेश चौधरी, रामनिवास बिश्नोई, सौरभ बिश्नोई, रामकिशन आदि शामिल हुए।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पर फ्रॉड का आरोप

**नोखा,** (कासं)। नोखा में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष द्वारा फ्रॉड तरीके से बैंक खाते में राशि जमा कर हड़पने और खाते को होल्ड करवाने का मामला सामने आया है। शनिवार को इस मामले में नोखा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

- दिनेश सारण ने पड़ौसी धर्माराम से बैंक खाते की डिटेल मांगी थी और उसके खाते में 7 लाख रूपए जमा हुए
- फ्रॉड ट्रांजेक्शन के कारण खाता होल्ड हुआ

हिनयादेसर के धर्माराम जाट ने नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका खाता एसबीआई बैंक शाखा सदर बाजार नोखा में है। तीन नवम्बर 2024 को उसका पड़ौसी दिनेश सारण जो मांगीलाल बागड़ी कॉलेज का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है। उसके घर आया और बताया कि उसका बैंक खाता बंद हो गया है। इसके बाद उसने धर्माराम से अपनी बैंक डिटेल मांगी। चार नवम्बर को धर्माराम के खाते में क्रमश: 1.5 लाख और 5.5 लाख रूपये ऑनलाइन जमा हुए।

दिनेश सारण ने धर्माराम से बीकानेर जाकर पैसे निकालने की बात की और धर्माराम ने बीकानेर जाकर वह पैसे निकालकर दिनेश को दे दिए। इसके बाद दिनेश अपने एक अन्य साथी के साथ चला गया और धर्माराम गांव लौट आया। पांच नवम्बर को धर्माराम को एक मैसेज मिला जिसमें बताया गया कि उसका खाता होल्ड कर दिया गया है। जब उसने बैंक जाकर पूछा तो पता चला कि खाते में फ्रॉड ट्रांजेक्शन हुआ है, जिसके बाद खाता होल्ड कर दिया गया। धर्माराम ने इस बारे में दिनेश से बात की तो उसने उसे धमकी दी कि अगर इस मामले में किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने धर्माराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बदमाशों ने हमला कर साठ हजार रूपये लूटे

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के छतरगढ़ में एक व्यापारी के साथ कुछ बदमाशों ने लूटपाट की। उसे रास्ते में रोककर इतना पीटा कि वो लहुलूहान हो गया। उसके पास रखे साठ हजार रूपए लेकर फरार हो गए। इस संबंध में एक रिपोर्ट छतरगढ़ पुलिस को दी गई है। घायल व्यापारी को अब पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

- छतरगढ़ में व्यापारी पर हमला कर लहुलूहान कर लूटपाट की

पुलिस के अनुसार हुसैन खान की सत्तासर में दुकान है, वह कैम्पर गाड़ी में रावला मंडी से रंगरोगन का सामान लेने गया था। वहां से देर रात को वापस सत्तासर लौट रहा था। इस दौरान चार केपीडी के पास बाइक पर आये पांच-सात बदमाशों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। जबरन हुसैन खान को नीचे उतार लिया गया। उस पर सरियों और अन्य हथियारों से हमला किया गया। इतना पीटा गया कि उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों से खून बहने लगा। बदमाशों ने उसके पास रखे साठ हजार रूपए छीन लिए और वहां से भाग गए। हुसैन ने बाद में पुलिस को फोन करके घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने नाकेबंदी करके बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन कोई हाथ नहीं लगा।

## भूपेन्द्र आहूजा अध्यक्ष बने

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेन्द्रपाल आहूजा बने। रविवार को एसोसिएशन भवन में हुए चुनाव में आहूजा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगदीश बंसल को 230 वोट के अंतर से हराया। आहूजा को 570 और बंसल को 340 वोट मिले।

कोषाध्यक्ष पद पर सुशील सिंघल ने शुभम अरोड़ा को हराया। सिंघल को 463 और अरोड़ा को 446 वोट मिले। हार जीत का अंतर सत्रह वोट का रहा। वोटिंग के दौरान 918 में से 911 वोटर्स ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए एक और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो वोट निरस्त हुए। इससे पहले एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग रविवार को नई धानमंडी के ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में हुई।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**बीकानेर,** (कासं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने बीकानेर में ओवरलोड वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। जिला परिवहन अधिकारी ने चालान, जीओ टैगिंग फोटोग्राफी, पंजीयन निलंबन और एफआईआर जैसी कड़ी व्यवस्थाओं को लागू करने के निर्देश प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अनिल पंड्या की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए।

- सड़क निर्माण स्थलों पर बिना पंजीयन और बिना कर चुकाए संचालित वाहनों पर कार्रवाई होगी
- नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पंजीयन निलंबित करने की सिफारिश की जायेगी

ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई, प्रतिदिन कम से कम एक ओवरलोड वाहन का चालान किया जायेगा। चालान के दौरान वाहन का जीओ-टैगिंग फोटो और वीडियो रिकॉर्ड किया जायेगा। ओवरलोड वाहनों के दस्तावेज जैसे पंजीयन, परमिट, फिटनेस और ड्राइवर लाइसेंस की जांच की जायेगी। वाहनों का पंजीयन निलंबित, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पंजीयन निलंबित करने की सिफारिश की जायेगी।

न्यायालय में इस्तगासा पेश किया जायेगा और एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। निर्माण स्थलों की जांच, फैक्ट्रियों, सोलर प्लांट्स, खनन क्षेत्रों, और सड़क निर्माण स्थलों पर बिना पंजीयन और बिना कर चुकाए संचालित वाहनों पर कार्रवाई होगी। नो-एंट्री एरिया में खड़े वाहनों पर चालान किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में बिना दस्तावेज वाले ऑटो रिक्शा पर कार्रवाई होगी।

## टी शेप में रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर नोखा शहर बंद रहा

**नोखा,** (कासं)। नोखा कस्बे में नवलीगेट पर टी आकार रेल ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर रविवार को शहर बंद रखा गया। व्यापारियों ने सभी बाजार बंद रखे। सुबह युवा नेता मगनाराम केड़ली के नेतृत्व में सैकड़ों लोग जुलूस के साथ बाजारों में उतरे और दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने के समर्थन पर आभार जताया।

बंद के दौरान कस्बे के घंटाघर, सदर बाजार, कटला चौक, जैन चौक, लखारा चौक सहित सभी प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहे। फुटपाथ पर मनिहारी, लोहे के औजार, चाय, पान, रेस्टोरेंट और कचौरी-पकौड़ी की दुकानें भी बंद रहीं। पुलिस जवान और महिला पुलिसकर्मी जुलूस के साथ चलते रहे। कस्बे के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।



नोखा कस्बे में नवली गेट पर टी आकार में रेल ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर रविवार को शहर बंद रहा।

- फुटपाथ पर मनिहारी, लोहे के औजार, चाय, पान, रेस्टोरेंट और कचौरी-पकौड़ी की दुकानें भी बंद रही

दलित नेता मगनाराम ने बताया कि सुजानगढ़ रोड पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए एल आकार का पुल बनाया जा रहा है। रेलवे द्वारा प्रस्तावित इस एल आकार पुल से यातायात व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। नवली गेट रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग-62 के पास किया जा रहा है, जिसकी दूरी मात्र 50 फीट है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पुल के निर्माण में नोखा की आमजन की भावना और स्थानीय सहमति को अनदेखा किया गया है। मगनाराम ने बताया कि एल आकार के पुल से नोखा कस्बे के निवासियों को भारी परेशानी होगी और हाईवे पर वाहनों का आवागमन अनियंत्रित हो जायेगा। उन्होंने मांग की कि नवलीगेट रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज को भारी वाहनों के आवागमन और जनभावना को ध्यान में रखते हुए एल आकार के बजाय टी आकार में स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

## अर्थ को नहीं, अर्थ की गूंज को ढूंढ़ता है साहित्य : शीन काफ

**बीकानेर,** (कासं)। नन्दकिशोर आचार्य ने अपने साहित्य सर्जन में शब्द के अर्थ मात्र को नहीं अपितु शब्द के अर्थों की गूंज को ढूंढ़ने का श्रेष्ठ प्रयास करते है। डॉ. आचार्य की इस साहित्य साधना का प्रभात त्रिपाठी ने साधनापूर्वक ही उनकी साहित्य यात्रा के विभिन्न कौशलों का बखूबी संकलन किया है। ये उद्बोधन मुख्य अतिथि सुख्यात शायर शीन काफ निज़ाम ने स्थानीय धरणीधर सभागार में व्यक्त किए।

अवसर था सूर्य प्रकाशन मंदिर की सद्यप्रकाशित एवं प्रख्यात आलोचक प्रभात त्रिपाठी द्वारा संकलित कवि-चिंतक नन्दकिशोर आचार्य के सृजन पर एकाग्र कृति 'शाश्वत समकालीन' के लोकार्पण समारोह का। स्थानीय धरणीधर सभागार में सुख्यात शाइर शीन काफ निज़ाम और देश के वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी के कर-कमलों से इस शाश्वत समकालीन कृति का लोकार्पण किया गया। निजाम ने अपने उद्बोधन में सद्यलोकार्पित कृति और नन्दकिशोर आचार्य की साहित्य साधना के संबंध में कहा कि डॉ.आचार्य का पहला प्रेम तो उर्दू भाषा ही रहा है। उनकी साहित्य जिज्ञासा में गालिब० का गहरा प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। उनकी रचनाओं में जिस प्रकार से सवाल की शाश्वतता बने रहना, सृजन की विशिष्ट सार्थकता हो अभिव्यक्त करती है, क्योंकि सवाल शाश्वत होता है मरता तो उत्तर है।



कवि-चिंतक नन्दकिशोर आचार्य के सृजन पर एकाग्र कृति 'शाश्वत समकालीन' का लोकार्पण शायर शीन काफ निजाम ने किया।